**AICTE SPONSORED SEMINAR**

**BRIEF REPORT**




The AICTE Sponsored National Seminar entitled "Industry Expectations from Pharmacy College" was inaugurated by honorable chief guest Prof S.S Agarwal (Dean, Delhi Institute of Pharmaceutical Sciences). The program was held on 5th and 6th Aug 2011. Dr. Hari Prakash (Guest of Honor) shared the stage with Dr. N. Udupa (Dean, Manipal College of Pharmacy), Dr. Praveen Khullar (Sr. Director Manager, Sanofi Aventis Group, Goa), Dr. Praful Naik (Executive Director, Bilcare Limited) and Dr. M.S.Y Khan Ex- Dean, Faculty of Pharmacy, Jamia Hamdard). 148 delegates from different colleges of Uttar Pradesh, Haryana, Rajasthan, Madhya Pradesh,Himachal Pradesh, Punjab and Delhi attended the program. The valedictory and prize distribution ceremony was headed by Dr. R.K Khar (Ex- Dean,Faculty of Pharmacy, Jamia Hamdard). The prizes were distributed by Dr. R.K Khar for poster presentation.

**Outcomes of the seminar**

- Industrial training should be mandatory part of the curriculum.
- Guest Lecture from senior persons from industry should be more frequent.
- Hands on training should be provided to all the students from 1st year itself.

- Teachers’ development programmeshould be conducted regularly.
- Teachers may also be provided industrial training for updating them with current industrial working.
- The course content should be updated on a regular basis as technology is changing very fast & by the time the students pass out, the technology becomes obsolete.

D.L.A. 06.08.2011

Page No. – 09 S.No.- 87

# फार्मेसी कोर्सेज में हो चेंजिंग: डा. हरि प्रकाश

- आईटीएस पैरामेडिकल कालेज में सेमिनार
- विशेषज्ञों ने फार्मेसी विषय पर रखे विचार



गेस्ट का शील्ड देकर स्वागत करते प्रबंधक। Photo-DLA

**DLA News**

गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ रोड स्थित आईटीएस पैरामेडिकल कालेज में दो दिवसीय अखिल भारतीय सेमिनार का शुभारंभ किया गया। इसमें देश की कई यूनिवर्सिटी और कालेजों के विशेषज्ञों ने शिकरत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए दिल्ली यूनिवर्सिटी फार्मेसी विभाग के डीन और आईटीएस के डायरेक्टर जनरल डा. हरि प्रकाश ने कहा कि फार्मेसी कालेज से अध्ययन के बाद उन छात्रों को इंडस्ट्री स्तर पर सफल बनाने के लिए कालेजों में पढ़ाए जाने वाले कोर्सेस में कमियों को दूर कर फेरबदल करना अति आवश्यक है ताकि स्टूडेंट्स को कंपनियों में किसी तरह की परेशानी का सामना करना नहीं पड़े। साथ ही नित्य नई ऊंचाईयों को छुएं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के डीन एसएस अग्रवाल ने बताया कि देश में फार्मेसी शिक्षा का स्तर विश्वस्तरीय है। विदेशों से भी छात्र हमारे देश में फार्मेसी की शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। फार्मा इंडस्ट्री अपने रिसर्च सेंटर भी खोल रही है। इससे नई-नई रिसर्च पर कार्य किया जा सकेगा। इस अवसर पर केबी फार्मास्यूटिकल के निदेश डा. प्रफ्फुल नायक, मणिपुर यूनिवर्सिटी के डीन डा. एन उडप्पा, आयुर्वेद लिमिटेड के डायरेक्टर मोहन सक्सेना,डवलपमेंट सेनोफी अविटिश ग्रुप गोवा के डायरेक्टर डा. प्रवीण खुल्लर, आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन आरपी चड्ढा, कालेज के प्रिंसीपल डा. पीबी सूद ने विचार रखे।

**Hindustan** 06.08.2011

Page No.:- 18 S.No.- 86

# आईटीएस में दो दिवसीय सेमिनार आयोजित

मुरादनगर | हमारे संवाददाता

एनएच स्थित आईटीएस संस्थान में शुक्रवार को पैरामेडिकल कॉलेज व अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के तत्वाधान में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में देश के जाने-माने फार्मेसी विशेषज्ञों ने भाग लिया। इससे पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन एसएस अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर सेमिनार का उद्घाटन किया।

सेमिनार को सम्बोधित करते हुए डीन एसएस अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश भारत में फार्मेसी की शिक्षा विश्वस्तरीय है। भारत में दुनिया के करीब दो दर्जन से अधिक देशों के विदेशी छात्र फार्मेसी की शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। उन्होंने कहा कि फार्मेसी में रिसर्च करने वाले छात्रों को परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि फार्मा इन्डस्ट्री जल्द ही अपना रिसर्च सेन्टर खोलने वाली है। इससे छात्रों को एक स्थान पर ही सारी जानकारी उपलब्ध होगी। आईटीएस के फार्मेसी विभाग के निदेशक डॉ. वाई कुमार ने कहा कि फार्मेसी क्षेत्र में आईटीएस संस्थान ने नई ऊंचाईयां प्राप्त की हैं।

सेमिनार को डॉ. प्रफुल्ल नायक, मणिपाल विश्वविद्यालय के डीन मोहन सक्सेना आयुर्वेद के निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार खुल्लर, जामिया हमदर्द के डॉ. एस पुरोहित व संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. पीबी सूद ने भी सम्बोधित किया। प्लेसमेन्ट मैनेजर राजीव मल्होत्रा ने सभी आगुंतकों का स्वागत किया।

Dainik Jagran 06.08.2011

Page No. 26 S.No.- 85

# कई देशों के छात्र भारत आते हैं फार्मेसी करने : प्रो. अग्रवाल

मुरादनगर, संवाद सहयोगी : मुरादनगर स्थित आइटीएस पैरामैडिकल फार्मेसी कॉलेज में दो दिवसीय अखिल भारतीय तकनीक शिक्षा परिषद के माध्यम से सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन दिल्ली युनिवर्सिटी फार्मेसी विभाग के डीन एसएस अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

दिल्ली यूनिवर्सिटी के डीन प्रो. एसएस अग्रवाल ने कहा कि भारत वर्ष में फार्मेसी शिक्षा का स्तर विश्व स्तरीय है। विश्व के कई देशों के छात्र आज भारत में फार्मेसी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। उन्होंने कहा कि फार्मेसी रिसर्च का स्तर भी बहुत ऊंचा है। प्रो. अग्रवाल ने कहा कि अब फार्मा इंडस्ट्री अपने रिसर्च सेंटर खोल रही है, जिससे इन सेंटरों पर नए रिसर्चों को आयाम दिया जा सके। सेमिनार में डॉ. प्रफुल नायक व केबी फार्मास्यूटिकल के निदेशक डॉ. एन उडप्पा, मणिपाल यूनिवर्सिटी के डीन मोहन जी सक्सेना निदेशक आयुर्वेद लिडा, प्रवीन खुल्लर निदेशक डवलपमेंट सेनोफी अविटिश ग्रुप गोवा, प्रो. आरके खार, हमदर्द दिल्ली, डॉ. एस पुरोहित, डॉ. अमरजीत सिंह, महाप्रबंधक जेबी फार्मास्यूटिकल लि. आइटीएस के प्रधानाचार्या पीबी सूद, प्रशासन विजय शर्मा व डीएस जोली थे। संस्थान के महानिदेशक डॉ. हरिप्रकाश व डायरेक्टर वाई कुमार ने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य फार्मेसी कॉलेज से अध्ययन समापन करने के उपरांत उन छात्रों को इंडस्ट्री स्तर पर सफल बनाने के लिए है जिसके तहत कॉलेजों के अंदर पढ़ाए गए पाठ्यक्रमों से निम्न कमियों को दूर कर पाठ्यक्रम फेरबदल किया जा सके।

# Rashtriya Sahara

06.08.2011

Page No. –08

S.No.- 84


## आईटीएस में सेमिनार आयोजित

**मुरादनगर।** आईटीएस पैरामेडिकल कालेज में शुक्रवार को 'इंडस्ट्री एक्सपेक्टेशन फ्रॉम फार्मेसी कॉलेज विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन दिल्ली यूनिवर्सिटी फार्मेसी विभाग के डीन प्रो. एसएस अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि आज फार्मेसी क्षेत्र में नए-नए आविष्कार की जरूरत है। आईटीएस डेंटल कालेज के महानिदेशक डा. हरी प्रकाश ने कहा कि छात्रों को नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराना संस्थान का उद्देश्य है। सेमिनार में एनसीआर के अलावा राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, गोवा, महाराष्ट्र, उड़ीसा, मध्य प्रदेश आदि से आये दो सौ प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

**Nai Duniya** 06.08.2011

Page No. –02 S.No.- 83

# दो दिवसीय सेमिनार शुरू

**गाजियाबाद।** आईटीएस पैरामेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार शुक्रवार को शुरू हो गया। शुभारंभ कॉलेज के निदेशक डॉ. हरिप्रकाश ने किया। सेमिनार में गोवा, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हरिद्वार, पंजाब, दिल्ली व राजस्थान से आए प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन आरपी चढ्ढा ने बताया कि कॉलेज टॉप टेन में शामिल होने के साथ-साथ आठ कॉलेजों के माध्यम से 20 से अधिक कोर्स में शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। सेमिनार में दिल्ली यूनिवर्सिटी के डीन एसएस अग्रवाल, डॉ. प्रफुल नायक, डॉ. एन उडप्पा, मोहन सक्सेना, डॉ. प्रवीण खुल्लर, प्रो. आरके खार, डॉ. एस पुरोहित, डॉ. अमरजीत सिंह भी मौजूद थे।

# Amar Ujala

06.08.2011

Page No. –08

S.No.- 82

अमर उजाला




आईटीएस में आयोजित दो दिवसीय फार्मेसी सेमीनार के शुभारंभ पर स्वागत गीत गाती छात्राएं।

## फार्मेसी पाठ्यक्रम में बदलाव की जरूरत पर मंथन

मुरादनगर। आईटीएस फार्मेसी कॉलेज और अखिल भारतीय शिक्षा परिषद के तत्वाधान में शुक्रवार को अखिल भारतीय सेमिनार का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि दिल्ली यूनिवर्सिटी के डीन एसएस अग्रवाल और आईटीएस डायरेक्टर डॉ. हरिप्रकाश रहे। डॉ. हरिप्रकाश ने फार्मेसी कोर्स में फेरबदल करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस फेरबदल से स्टूडेंट्स को खासा फायदा होगा। एसएस अग्रवाल ने कहा कि भारत में फार्मेसी शिक्षा और रिसर्च का स्तर विश्वस्तरीय है। फार्मा इंडस्ट्रीज अपने रिसर्च सेंटर भी खोल रही है। सेमिनार में गोवा, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हरिद्वार, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान आये वक्ताओं शिरकत कर पाठ्यक्रम में बदलाव की पहल की। कार्यक्रम में आईटीएस ग्रुप चेयरमैन आरपी चड्ढा, निदेशक वाई कुमार, डॉ. प्रफुल्ल नायक, डॉ. एन उडप्पा, मोहन सक्सेना, डॉ. प्रवीण, प्रो. आरके खार, अमरजीत सिंह, डॉ. पीबी सूद, डीएस जौली, विजय शर्मा, राजीव मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

# Hindustan

Page No. – 18

07.08.2011

S.No.- 92


## सेमिनार में हुई नए कोर्स की बात

मुरादनगर। आईटीएस में चल रहे दो दिवसीय सेमिनार का शनिवार को समापन हो गया। अध्यापकों ने छात्रों को कंपनी में होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। वहीं, उत्कृष्ट पोस्टर बनाने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

सेमिनार के दौरान आयुर्विट दिल्ली के निदेशक एम.जे. सक्सेना ने कहा कि फार्मेसी कॉलेजों में पुराने पाठ्यक्रमों को बदल कर कंपनियों में आई तकनीक के आधार पर पाठ्यक्रम लागू करना चाहिए। रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर गोवा के निदेशक ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि संस्थान बीफार्मा और एमफॉर्मा में नई तकनीक को अपनाएं ताकि सस्ती दवाइयां उपलब्ध हो सके। सेमिनार को डॉ. सुरेश पुरोहित ने भी संबोधित किया। अंत में उत्कृष्ट पोस्टर प्रस्तुत करने वाली बीबीडीआईटी लखनऊ की हर्षिता कुशवहा प्रथम, देवस्थली विद्यापीठ कॉलेज ऑफ फार्मेसी की अनीता व वर्षा को संयुक्त रूप से द्वितीय व जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉरमेशन नोएडा को तृतीया पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

Rashtriya Sahara 07.08.2011
Page No. – 07 S.No.- 91

# दो दिवसीय सेमिनार का समापन

मुरादनगर (एसएनबी)। आईटीएस फार्मेसी कालेज के तत्वावधान में 'इंडस्ट्रीज एक्सपेक्टेशन्स फ्राम फार्मेसी कालेज' विषय पर आयोजित दो दिवसीय 'राष्ट्रीय' सेमीनार का शनिवार को समापन हो गया। सेमीनार में फार्मेसी शिक्षा को उद्योग की आवश्यकता के अनुरूप बनाने पर बल दिया गया।

बीएचयू फार्मेसी विभाग के डा. सुरेश पुरोहित ने कहा कि अब अमेरिका व यूरोपीय देशों की बड़ी दवा कंपनियां भारत और चीन में अपना उद्योग लगा रही हैं। जिससे बी. फार्मा व एम फार्मा के छात्रों को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे।

जामिया हमदर्द (दिल्ली) के पूर्व डीन प्रो. आरके खार ने कहा कि फार्मेसी के क्षेत्र में रोजगार के लिए नई तकनीक की आवश्यकता है। हर कंपनी चाहती है कि वह कुछ नयी तकनीक के साथ अपना उत्पाद बाजार में लाए। आयुर्विट (दिल्ली) के एमडी एमजे सक्सेना, सीनियर डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर (गोवा) प्रवीन खुल्लर, डा. प्रफुल्ल नाईक, डा. एन. उडूपा, मोहन सक्सेना, विरेन्द्र कुमार, अमरजीत सिंह, डा. पी. रामाराव आदि कई वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

Amar Ujala 07.08.2011

Page No. –08 S.No.- 90

# पोस्टर स्पर्धा में कविता अव्वल

**मुरादनगर**। आईटीएस फार्मेसी कॉलेज में चल रहे दो दिवसीय अखिल भारतीय सेमिनार का शनिवार को समापन हो गया। इसमें अध्यापकों और अतिथियों ने काम के दौरान न्यू कमर्स के साथ आने वाली समस्याओं पर चर्चा की। दिल्ली आयुर्विट के मैनेजिंग डायरेक्टर एमजे सक्सेना ने कहा कि फार्मेसी कॉलेजों में पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रम में फेरबदल की जरूरत है। सेमिनार में स्टूडेंट्स ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम पुरस्कार बीबीडीआईटी लखनऊ की कविता कुशवाहा, द्वितीय पुरस्कार देवस्थली विद्यापीठ कॉलेज आफ फार्मेसी की अनीता सिंह और वर्षा तिवारी, तृतीय पुरस्कार जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन नोएडा की सोनल गुप्ता को मिला। कार्यक्रम में प्रवक्ता प्रवीन खुल्लर, डॉ. सुरेश पुरोहित, प्रो. खार, डीएस जौली, डॉ. पीबी सूद, विजय शर्मा, डॉ. हरिप्रकाश, राजीव मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

# D.L.A.

07.08.2011

Page No. – 07

S.No.- 89

# पोस्टर प्रतियोगिता में कविता रहीं फर्स्ट

**दो दिवसीय अखिल भारतीय सेमिनार संपन्न**

**अनीता और वर्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया**



स्टूडेंट्स को पुरस्कृत करते अतिथि। Photo-DLA

*DLA News*

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ रोड स्थित आईटीएस पैरामेडिकल कालेज में दो दिवसीय अखिल भारतीय सेमिनार संपन्न हो गया। इसमें विभिन्न जिलों के कालेजों से आए स्टूडेंट्स ने पोस्टर प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें बीबीडीआई, लखनऊ की कविता कुशवाहा को प्रथम, देवस्थली विद्यापीठ कालेज ऑफ फार्मेसी की अनीता सिंह और वर्षा तिवारी को द्वितीय व जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफार्मेशन, नोएडा की छात्रा सोनल गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर आयुर्वेद संस्थान, दिल्ली के मैनेजिंग डायरेक्टर एमजे सक्सेना ने कहा कि फार्मेसी कालेजों में पढ़ाए जा रहे पुराने कोर्स को बदलकर कंपनी में आई नई तकनीकि के आधार पर शिक्षा देनी चाहिए। रिसर्च एंड डॅवलपमेंट सेंटर, सोनोफी अविटिश, गोवा के सीनियर डायरेक्टर प्रवीन खुल्लर ने कहा कि कालेजों में बी-फार्मा व एम-फार्मा में स्टूडेंट्स के लिए नई-नई रिसर्च पर ध्यान देना चाहिए ताकि वे अपने दिमाग से नई खोज करके खुद को प्रगतिशील बना सकें। बीएचयू से प्रो. सुरेश पुरोहित ने कहा कि अमेरिका व यूरोपीय देश बड़ी दवा कंपनी भारत और चाइना में कंपनी लगा रहे हैं। इससे स्टूडेंट्स के लिए रोजगार की संभावनाएं बढ़ रही हैं। इस मौक पर ग्रुप के चेयरमैन आरपी चड्ढा ने भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन कराते रहने की बात कही।

Punjab Kesari

06.08.2011

Page No. – 06

S.No.- 88

## फार्मेसी पर सेमिनार

मुरादनगर, (निस.): मुरादनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर असालतनगर स्थित आई.टी.एस. पैरामेडिकल कालेज में दो दिवसीय अखिल भारतीय सेमिनार का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर दिल्ली यूनिवर्सिटी के डीन एस.एस. अग्रवाल व आई.टी.एस. के डायरेक्टर डा. हरि प्रकाश ने किया। सेमिनार के मुख्य अतिथि दिल्ली यूनिवर्सिटी के डीन एस.एस. अग्रवाल ने कहा कि भारत में फार्मेसी शिक्षा का स्तर विश्वस्तरीय है इस सेमिनार में पूरे देश से आये वक्ताओं, टीचर्स एवं छात्रों ने देश के अनेक राज्य जैसे गोवा, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हरिद्वार, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान से आए हुए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डा. प्रफुल्ल नायक, निदेशक के.बी. फार्मास्यूटिकल, डा. एन. उडप्पा, डीन माणीपल यूनिवर्सिटी, मोहन सक्सेना, प्रो. आर.के. खार, एक्स डीन जामिया मिलिया हमदर्द नई दिल्ली, डा. एस. पुरोहित, डा. अमर जीत सिंह आदि ने भी अपने विचार रखे।